हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी एक ...



12 होली पर जमकर उड़ा रंग-गुलाल, बच्चों ने चलाई पिचकारी



मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
अच्छा खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
एल ई डी टी.वी. | फ्रिज | वाशिंग मशीन | कूलर | पंखा | दीवान (पलंग) | अलमारी | ड्रेसिंग | डायनिंग टेबल | सोफा सेट
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान की विशाल रेंज
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
बिटिया के बिहाव के अब टेंशन खतम अब मिलही मात्र 25000, 41000, 65000 में सब्बो बिहतरा सामान घर पहुंच सेवा के संग
T&C*

## खबर संक्षेप

### मतदान दलों का प्रशिक्षण आज

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त मतदान दलों को 28 मार्च को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त मतदान दलों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सकीय टीम की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### संस्था प्रमुख के माध्यम से आवेदन जमा होंगे

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आदर्श आचरण संहिता लागू होने की वजह से जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अवकाश अथवा निर्वाचन ड्यूटी से पृथक होने संबंधी आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रस्तुत किया जाना है। इस संबंध में सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकारी, कर्मचारी संबंधित संस्था प्रमुख के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

### संगवारी साहित्य समिति का होली मिलन कल

**सिर्री।** ग्राम बकली में 29 मार्च को कविता और विचार गोष्ठी के साथ अंचल की प्रतिष्ठित साहित्य समिति सिर्री का होली मिलन कार्यक्रम और पुनर्गठन के साथ अंचल के दिवंगत कवि साहित्यकार को स्मरण करते हुए निरंतर साहित्यिक गतिविधि हेतु रूपरेखा बनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में अंचल के कवि, साहित्य प्रेमी, विचारवान नागरिक, ऊर्जावान छात्र उपस्थित होंगे। यह जानकारी रामेश्वर साहू ने दी है।

### छाती में होली मिलन 29 को

**पुरी।** मानस शक्ति केंद्र कंडेल एवं मानस मंडली व ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम छाती में 29 मार्च शुक्रवार को 1 से शाम 5 बजे होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी नरेंद्र साहू राधे कृष्णा मानस परिवार छाती के व्याख्याकार ने दी है।

### सिवनीकला में वार्षिक सत्संग समारोह आज से

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के कबीर आश्रम चंदनबाग में आश्रम के प्रमुख बालेश्वर दास द्वारा 28 और 29 मार्च को सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है।



प्रमुख प्रवचनकर्ता बुरहानपुर के उत्तम साहेब होंगे। 28 मार्च गुरुवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक बीजक पाठ एवं भजन प्रवचन होगा। 29 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भजन प्रवचन एवं पूजा-आरती होगी। कार्यक्रम की तैयारी में चंद्रप्रकाश साहू, रामेश्वर साहू, दिलीप साहू, मिनी निर्मलकर, टकेश्वर चंद्राकर, विक्रम साहू, टेकराम साहू, सुशील साहू, दीपदान साहू, खिलावन चंद्राकर, बोधन साहू जुटे हैं।

डुबान प्रभावित क्षेत्र में फसल चौपट, किसानों ने की क्षतिपूर्ति की मांग

# आठ दिन बाद भी नुकसान का आंकलन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बारिश, ओलावृष्टि को एक सप्ताह से ज्यादा हो गया है लेकिन अब तक शासकीय अमले ने इससे हुए नुकसान का आकलन पूरा नहीं किया है। कई इलाके तो ऐसे हैं, जहां पर शासन का अमला ही आकलन करने नहीं पहुंचा है, इससे किसानों में रोष है। बुधवार को इसी मामले को लेकर डुबान क्षेत्र के ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे और क्षतिपूर्ति की मांग की।

जिले में एक सप्ताह पहले मौसम काफी खराब था। 19 मार्च को जमकर बारिश और ओलावृष्टि हुई है। इससे किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। डुबान क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि हुई है। इससे पूरे क्षेत्र में धान की फसल चौपट हो गई है। वहीं खपरी, हटकेशर, मुजगहन, भानपुरी, कंडेल, बोड़रा सहित जिले के कई इलाकों में दलहनी फसलों को भी काफी क्षति हुई है। विडंबना यह है कि एक सप्ताह बाद भी कृषि विभाग, राजस्व विभाग ने क्षतिपूर्ति का आकलन कम्पलीट नहीं कर पाया है। अब तक कृषि विभाग और राजस्व विभाग ने कोई आंकड़ा तैयार नहीं कर पाया है, जिसके आधार पर किसानों को बीमा लाभ या आरबीसी 6/4 के तहत लाभ दिया जा सके। अधिकारियों की ऐसी चूक से किसानों को क्षतिपूर्ति देने में भी विलंब होगा।



### कई गांवों में नहीं पहुंचा अमला

ओलावृष्टि से जितना डुबान क्षेत्र प्रभावित हुआ है, उतना जिले के किसी अन्य क्षेत्र को नुकसान नहीं हुआ है। पहले इस क्षेत्र में किसान दलहन, तिलहन जैसी फसल लेते थे लेकिन पिछले कुछ साल से हाथियों के आतंक के चलते उन्होंने इन फसलों से तौबा कर ली। इस साल उन्होंने धान की फसल लगाई थी, जिसे ओलावृष्टि से काफी नुकसान पहुंचा है। इसके बाद भी इस क्षेत्र में नुकसान का आकलन अब तक पूरा नहीं किया गया है। डूब प्रभावितों ने बताया कि कई गांवों में तो अब तक अधिकारी नुकसान का जायजा लेने ही नहीं पहुंचे हैं।

### किसान पहुंचे कलेक्टोरेट



चिखली, माटेगहन, कोहका सहित डुबान क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में बुधवार को कांग्रेस के युवा नेता आनंद पवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रोरेट पहुंचे। श्री पवार ने बताया कि ओलावृष्टि से किसानों की फसल 80 प्रतिशत तक खराब हो गई है। किसान कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं। यदि उन्हें क्षतिपूर्ति नहीं मिलती है तो वे बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कर्जमाफी की क्षतिपूर्ति शीघ्र देने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी, चिंताराम मंडावी, मनराखन यादव, परमेश्वर साहू, रामकिशन तारम, मायाराम उइके, लीलाराम तारम, तुलसीराम तरण, माखन नेताम, जोहतराम कुंजाम, खेमलाल, तुलसीराम, राधेलाल, दुष्यंत, लीलाराम, मनीराम, हेमराम गावड़े, अनिल, दुर्गाप्रसाद तारम आदि उपस्थित थे।

# भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवक की मौत

- होलिका दहन की रात्रि भखारा शराब दुकान के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पुराना धमतरी-रायपुर मार्ग पर भखारा शराब दुकान के पास मोटरसाइकिलों में जोरदार भिड़ंत हुई थी। इस घटना में तीन युवक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा-बी निवासी उत्तम यादव पिता दुकालू उम्र 26 वर्ष होलिका दहन रविवार की रात्रि लगभग 9 बजे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 ओक्यू 7858 में गांव का जनक उर्फ माइकल निषाद पिता सुखलू उम्र 29 वर्ष के साथ भखारा शराब दुकान की ओर आ रहा था। इसी बीच गुरू घासीदास वार्ड भखारा निवासी मनमोहन गायकवाड़ पिता नरेन्द्र उम्र 25 वर्ष रविवार की रात्रि अपने चाचा विनोद बंजारे की मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एडी 7527 से प्रियांशु देशलहरे के साथ भखारा शराब दुकान की ओर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान भखारा नाला के आगे शराब दुकान के पास दोनों मोटरसाइकिल में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि भिड़ंत के बाद तीसरी बाइक भी आकर टकरा गई। हालांकि तीसरी बाइक के सवारों को ज्यादा चोट नहीं आई। चारों घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। चेकअप के बाद उत्तम व जनक को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं नाजुक हालत के चलते घायल मनमोहन को रायपुर रिफर किया गया था लेकिन रायपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रियांशु को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। अस्पताल पुलिस चौकी ने सोमवार को मर्ग कायम कर तीनों शवों का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# मुख्य मार्गों में अवैध पार्किंग से लोग परेशान

- अवैध अतिक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा, सड़कें हुई संकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शहर के मुख्य मार्गों में अवैध पार्किंग से लोग परेशान है। इसकी वजह से शहर की सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। कई बात तो जाम की स्थिति बन जाती है। फंसे लोगों को ट्रेफिक खुलने का इंतजार करना पड़ता है।

शहर के रायपुर रोड, बस्तर रोड, रत्नाबांधा रोड, सिहावा रोड, सदर मार्ग, रूद्री रोड ऐसे हैं जहां सुबह होते ही रोड में अघोषित पार्किंग बन जाता है जो शहर में एक प्रकार का अतिक्रमण है। नेशनल हाईवे मार्ग में बैंकों के आसपास वाहनों का आधी सड़क पर कब्जा रहता है। वहीं अंदरूनी मार्ग में दुकानदार व ग्राहकों के वाहन की वजह से रोड जाम रहता है। बैंकों में प्रतिदिन करोड़ों का व्यापार होता है पर ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा नहीं दी जा रही है। ऐसे में ग्राहक अपने वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। यह सिलसिला दिनभर चलता रहता है जिसकी वजह से वाहनों की रफ्तार कम हो जाती है। जाम के कारण आम आदमी परेशान रहता है।

शहर के नागरिक मयंक चौबे, नितिन शर्मा, प्रमोद शर्मा आदि का कहना है कि नेशनल हाईवे की चौड़ाई 80 फीट है लेकिन अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के चलते दायरा 60 फीट तक रह गया है। संकरी सड़क में ट्रेफिक का दबाव बढ़ जाता है जिससे रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है। शहर पहुंचने वाले राहगीर सभी मुख्य मार्गों में परेशान रहते हैं। नागरिकों का कहना है कि शहर की मुख्य सड़क में 25 से अधिक बैंकों की शाखा है जहां सैकड़ों ग्राहकों का आना-जाना है। पार्किंग के अभाव में ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं जिसका असर ट्रेफिक व्यवस्था पर पड़ता है।

# होली त्योहार के दूसरे दिन हुई चाकूबाजी व मारपीट की घटनाएं

**डीजे बंद कराने गई पुलिस पार्टी पर भी किया गया पथराव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



होली त्योहार के दूसरे दिन शहर सहित ग्रामीण अंचल में जमकर मारपीट की घटना हुई है। वहीं चाकूबाजी की घटना में तीन लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस पार्टी पर भी पथराव किया गया है।

होली त्योहार व लोकसभा चुनाव के चलते लागू आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सोमवार को पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के चलते होलिका दहन की रात्रि व त्योहार के दिन सोमवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़कर बड़ी घटनाएं नहीं हो पाई लेकिन त्योहार के दूसरे दिन शहर के चौक-चौराहों में तैनात पुलिस बल का पहरा हटा दिया गया। पुलिस जवानों के हटने के बाद मंगलवार को हुड़दंगियों द्वारा जमकर हुड़दंग मचाया गया, जिसके चलते गली-मोहल्लों में जमकर मारपीट की घटनाएं हुई है। 10 से अधिक मामलों में सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। वहीं लालबगीचा, पीजी कालेज रोड व रेल्वे स्टेशनपारा में चाकूबाजी की घटनाएं सामने आई हैं। इस घटना में तीन युवक घायल हुए हैं। इसी तरह अर्जुनी थाना में भी 10 से अधिक मारपीट के मामलों में दो दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है, जिसमें बठेनापारा के शराब दुकान मार्ग पर दो गुटों में मारपीट की घटनाएं हुई हैं। घटना में 10 से अधिक लोगों को चोट आई है।

एक अन्य घटना साल्हेवारपारा की है। सूत्रों के अनुसार मंगलवार की शाम साल्हेवारपारा में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। शिकायत के बाद पुलिस टीम डीजे बंद कराने पहुंची। डीजे बंद कराने की बात पर पुलिस व मौजूद लोगों के बीच बहसबाजी हुई। तत्पश्चात पुलिस पर पत्थरबाजी की गई। हालांकि इस तरह की घटना होने से डीएसपी ने इंकार कर दिया है। इसी तरह लोहरसी के गौठान में मंगलवार की रात्रि मुरकू बेच रहे त्रिलोचन देवांगन के साथ घनश्याम यादव, खिलावन साहू, हर्ष साहू एवं शिवा साहू ने मारपीट की। पड़ोसी नाना को पीटते देख नाती हिमांशु निर्मलकर बीच बचाव कर रहा था। आरोपियों ने हिमांशु के साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

### जिला अस्पताल में इलाज कराने आते रहे घायल

होलिका दहन रविवार की रात्रि से लेकर सोमवार व मंगलवार की रात्रि तक जिला अस्पताल में सड़क दुर्घटना में घायल, मारपीट, जहर सेवन, अत्यधिक शराब सेवन व चाकूबाजी से घायलों के आने का सिलसिला लगातार जारी रहा। जानकारी के अनुसार त्योहार के तीन दिनों में सड़क दुर्घटना के 24 घायल, मारपीट के 17 घायल, जहर सेवन के 11 मरीज, जलने के तीन मरीज, नशीली गोली के सेवन के एक व अत्यधिक शराब सेवन के एक मरीज को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था।

# पोटियाडीह में आग से पैरावट खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम पोटियाडीह में एक किसान के ब्यारा में रखे पैरावट में बुधवार की दोपहर आग लग गई। आग लगने का कारण पैरावट के ऊपर से गई बिजली तार में शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन पैरावट आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया है।

चैत्र नवरात्रि में रविवार को मनेगा जातरा

# माता निरई के जातरा में जुटेंगे दूर-दूर से श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अपनी अनोखी परंपरा का निर्वहन के करते हुए चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को माता निरई का जातरा मनाया जाएगा। खास बात यह है कि माता निरई का मंदिर सालभर बंद रहता है। जातरा उत्सव के लिए साल में एक दिन के लिए मंदिर के पट खोले जाते हैं।

चैत्र नवरात्रि का पर्व 9 अप्रैल से शुरू हो रहा है। मगरलोड विकासखंड के ग्राम मोहेरा और आश्रित गांव निरई में अभी से तैयारी शुरू हो गई है। यहां पर चैत्र नवरात्रि पर रविवार के दिन माता निरई का जातरा मनाने की परंपरा है।

जय निरई माता सेवा समिति के संरक्षक नेमलाल साहू ने बताया कि इस साल 14 अप्रैल को जातरा मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि माता निरई की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। दर्शन करने के लिए मगरलोड, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नयापारा, राजिम, महासमुंद सहित कई जिलों से लोग पहुंचते हैं। मान्यता है कि साल में एक बार पूजा करने के बाद दोबारा पूजा- अर्चना नहीं की जाती है। इस कारण किसी को भी यहां दोबारा प्रवेश नहीं दिया जाता है।

### पहाड़ पर विराजित है माता



मोहेरा से लगे निरई पहाड़ के सुंदर नजारों के बीच स्थित है माता निरई का मंदिर। इस मंदिर की ख्याति सिर्फ मगरलोड क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूर-दूर तक फैली हुई है। इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। महिलाएं दूर से ही माता का दर्शन कर सकती हैं। निरई माता की पूजा में सिंदूर, सुहाग सामग्री, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल, बंदन का उपयोग नहीं किया जाता है। सिर्फ नारियल और अगरबत्ती से माता की पूजा की जाती है। बताया गया है कि करीब दो सौ साल पहले मोहेरा के मालगुजार जयराम गिरी गोस्वामी ने निरई माता मंदिर के लिए छह एकड़ जमीन दान की थी। इस जमीन से होने वाली आय से माता की पूजा और जातरा होता है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### डीपापारा में युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के डीपापारा में युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी अशोक सोना पिता श्याम लाल सोना (30) ने आरोपी जितेंद्र भोई पिता अलेख भोई पर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### युवक से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने वार्ड नं 11 बाजार पारा से सुकलाल यादव पिता परस राम यादव के पास बिक्री करने रखे 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1400 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी शख्स के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### धारदार हथियार लहरा रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने रोहन पनिका पिता स्व. कुमार पनिका (20) गणेश पारा को वार्ड नं 14 पोटरपारा को तेज धारदार चाकू लेकर हवा में लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमकाते पकड़ा है। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## निधन

### दिलीप लहरे



**नगरी।** ग्राम छिपली निवासी दिलीप कुमार लहरे का 25 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के शमशान घाट में किया गया। सामाजिकजनों के साथ ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने मृत आत्मा को श्रृद्धांजलि दी।

### रामदेव स्वर्णबेर



**सिहावा।** नगर पंचायत नगरी निवासी रामदेव स्वर्णबेर उम्र 78 वर्ष का मंगलवार की रात निधन हो गया। वे पेमन, सच्चिदानंद, कौशल स्वर्णबेर के पिताजी व प्रीतम, पंकज, जितेंद्र, टेमन, लक्की, कमल के बड़े पिताजी व चेतन, देवानंद, चमन, नामद, शेषनारायण के भाई एवं तुषार, राहुल, मेहुल के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार महानदी के मुक्ति घाट पर किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### राधिका यादव



**अंवरी।** ग्राम अंवरी निवासी श्रीचंद यादव, मूलचंद यादव, कृष्णा कुमार यादव की मां राधिका बाई यादव उम्र 75 वर्ष का निधन 26 मार्च मंगलवार को हो गया। वे अपने भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। इस अवसर पर सेऊक राम, लीलाराम, पुरानिक, पूरण, हेमलता, प्रेम लाल, ओमप्रकाश, राजू, नोके लाल, गोविन्द, तेजसिंह, तीरथ, डोमन, शिवम सहित बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

महानगरों की तर्ज पर नगर में पहली बार धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार

# होली महोत्सव सेलिब्रेशन : म्यूजिकल कलर ब्लोइंग, रैन फागिंग, डांसिंग के साथ रंग दे कुरुद का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





महानगरों की तर्ज पर नगर में पहली बार होली पर्व के अवसर पर रंग दे कुरूद टीम द्वारा म्यूजिकल कलर ब्लोइंग, रैन होली, फागिंग होली, डांसिंग होली जैसा प्रोग्राम प्रमोद शर्मा की संकल्पना से उनकी युवा टीम के प्रयास से युवाओं की खातिर आयोजित किया गया। युवा होली पर्व के पूर्व ही रंगों से सराबोर होकर भरपूर आनंद उठाया ।

शनिवार को नगर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित ग्रैंड होली सेलिब्रेशन में होली के पूर्व एडवांस सेलिब्रेशन कंसर्ट ग्रैंड होली सेलिब्रेशन का आयोजन रंग दे बसंती टीम द्वारा किया। स्पॉन्सर प्रमोद शर्मा डब्बू ने बताया कि ये कांसेप्ट मेरे जेहन में लंबे समय से था, जो होली के रंगमयी त्योहार की खुशियों में पूर्ण हुआ। युवा वर्ग डीजे की मधुर थाप और ढोल की महकती ध्वनि में फाग गीतों की तरंगों से खुद को थिरकाने से रोक नहीं पाए। सभी ने नगाड़े की डीजे रिदम पर जमकर थिरकते हुए रंगों के महापर्व का जमकर जश्न मनाया। इसके साथ ही मनोरंजक खेल, रैनी डांस, टेस्टी फूड, बैलून फाइटिंग, वाटर गन ने लोगों को काफी आकर्षित किया।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ की उभरती गायिका आरु साहू का भी आगमन हुआ। उन्होंने अपने मधुर स्वर में फाग गीत गाते हुए युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान सुरक्षा के लिए हाई सिक्योरिटी के रूप में बाउंसर की टीम तैनात थी। मौके पर रंग दे बसंती टीम के रोबिन सिन्हा, कीर्ति शर्मा, शिवांगी साहू, खुशबू, राशि, पायल, सुधा, निशा, प्रज्ञा, यामिनी, जय शर्मा, जय, वैभा, कृतांश शर्मा उपस्थित थे।

## राजपुर में आपसी भाईचारे के साथ मनाई गई होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम राजपुर में रंगों का पर्व होली आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। 24 मार्च रविवार की रात्रि एक जगह होलिका जलाई गई। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। 25 मार्च सोमवार को सुबह से ही बच्चे, युवा होली के रंग में सराबोर हो गए। पुरानापारा में नगाड़े की धुन में फाग गीत का लोगों ने खूब आनंद लिया। दोपहर तक लोग होली खेलते रहे। होली के दिन महिलाएं ठेठरी ,खुरमी , अइरसा, पूड़ी, बड़ा, मीठे पकवान बनाने में व्यस्त रहीं।

## रंगों के महोत्सव में दिया भाईचारा का संदेश





■ अंवरी सहित अंचल के गांवों में धूमधाम से मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

अंवरी सहित अंचल के गांव भैंसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, जोरातराई, कोलियारी, भखारा भठेली, सिंगदेही, भेण्डसर, सिर्वे, सेमरा, सिलतरा, सुपेला, नवगांव, थुहा, बगौद, बंगोली, बंजारी, खपरी, कुर्रा समेत आसपास के गांवों में रंगों का महापर्व होली पूरी सादगी के साथ मनाया गया। प्रेम, भाईचारे और सबको एक सूत्र में जोड़ने वाले इस त्योहार का उत्साह हर वर्ग में देखते ही बन रहा था। इस बार लोगों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ इस पर्व की खुशियां बांटी। लोगों ने अपने निवास या चौक-चौराहों में आपस में मुलाकात कर रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशी में रौनकता का रंग भरा तो वहीं कुछ लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात कर रंगों के इस महोत्सव में डूबते नजर आए।

ग्रामीण ईश्वर साहू, केशव साहू ने बताया कि होली पर्व के कुछ दिन पूर्व से ही अंवरी सहित अंचल में नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते हुए लोग पर्व की उमंग में जुटे हुए थे। होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर विधिवत रूप से होलिका दहन होते ही होली पर्व के उत्साह में लोग मगन होने लगे। गांव के विभिन्न चौक-चौराहों में लोग नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए पर्व की मस्ती में डूबे रहे। इसी तरह महिलाओं ने भी पारंपरिक रूप से अपने घरों व आस-पड़ोस में रंग-गुलाल लगाकर सभी को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में भी प्रेम व्यहार के रंग को बरकरार रखने की बात कही।

## सतनामी समाज के परमानंद कुर्रे प्रधान संचालक बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

सतनामी समाज जिला धमतरी की ग्राम बगौद में हुई बैठक में जिला स्तरीय निर्वाचन मंडल का गठन किया गया। परमानंद कुर्रे ग्राम खपरी को सर्वसम्मति से प्रधान संचालक के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान संचालक श्री कुर्रे ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन करेंगे। सामाजिक पदाधिकारी का निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव करना उनका कर्तव्य होगा। इस अवसर पर सभी ब्लॉक एवं जिला पदाधिकारी सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## कुरुद सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया रंगों का पर्व

■ पारंपरिक नगाड़े की थाप पर लोगों ने फाग उत्सव की खुशियां बिखेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





रंगों का महापर्व होली कुरूद सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही नगाड़े की गूंज और रंगों की धूम ने मनभावन वातावरण बनाकर इस त्योहार को खास बनाया। लोगों ने घरों में जहां परिवार के साथ इस रंग उत्सव की खुशी बांटी और आपस में प्रेम, सद्भाव और समरसता का रंग लगाया, वहीं नगर में घूम-घूमकर गणमान्य जनों, बड़े-बुजुर्गों और मित्रो को आपसी भाईचारे, समन्वय और एकता का रंग लगाकर पर्व में चार चांद लगाया।

इस दिन नगर के विभिन्न स्थानों पर डीजे सॉन्ग में युवा होली की उमंग में थिरकते हुए नजर आए, वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक नगाड़े की गूंज से सराबोर होकर लोगों ने फाग उत्सव की खुशी बिखेरी। लगभग हर वर्ग इस मनमोहक उत्सव के आनंद में डुबा हुआ नजर आया। नगर के कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार, चंडी मंदिर के पास युवाओं ने होली के रंग में सराबोर हो जमकर नाच गाना किया। वहीं शहर में किसी भी अप्रिय घटना से बचने व हुड़दंगियों पर लगाम कसने पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। गांवों में भी अनेक स्थानों पर ग्रामीणों फाग गीत, डंडा नृत्य कर होली मनाई और एक दूसरे को गुलाल लगा त्योहार मनाया।

## सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



सिर्री क्षेत्र के ग्राम चिंवरी, खर्रा, दर्रा, फुसेरा, संकरी, धूमा, परसट्टी, गातापार, गोजी, मौरीकला, कठौली, नारी, कोकड़ी, ठेकवाडीह, चारभाठा, गुदगुदा, सिरसिदा, भैंसमुंडी, मौरीखुर्द, दहदहा, कुहकुहा, भरदा, अछोटी, अटंग, सिवनीकला, गोबरा, भालूकोना, चरमुड़िया, भोथली, सिर्री, कोड़ेबोड़, आलेखूंटा, मरौद, भाठागांव, सोनपुर, नवागांव, थूहा, बकली, रावनगुड़ा, मेंडरका, परसवानी में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते नजर आए। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने पिचकारी में रंग भरकर होली खेलकर पर्व का खूब आनंद लिया। बुजुर्गों ने भी फाग गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह से शाम तक सिर्री क्षेत्र के लोग होली के रंग में डूबे नजर आए।

## ग्राम पटेल ने स्कूली बच्चों को बांटा केला-अंगूर



**सिर्री।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। ग्राम सिर्री के ग्राम पटेल सालिकराम साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में मध्यान्ह भोजन के समय स्कूली बच्चों को केला और अंगूर बांटकर न्योता भोजन खिलाया। मौके पर मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधानपाठक विनय साहू, शिक्षकगण गिरवर लाल साहू, पुरूषोत्तम साहू, पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे।

## मोहल्लेवासियों ने की नाली की सफाई



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में पानी निकासी के लिए नाली बनाई गई है लेकिन सफाई नहीं होने के कारण नाली गंदगी से भर गई है। नाली से असहनीय बदबू आने लगी है। इसे देखते हुए मोहल्लेवासियों ने नाली की साफ-सफाई की। ग्रामीण रामगुलाल साहू, थानेश निर्मलकर, फत्तेलाल , उदय, तोषबाई ,खिलेश्वरी, दुलारी बाई, लक्ष्मी धुव ने बताया कि साल भर पूर्व नाली का निर्माण किया गया था जो क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे आने-जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ब्रम्हाकुमारी भखारा में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह हुआ

## होली का बताया आध्यात्मिक रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तपस्या भवन भखारा में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह रखा गया। इस अवसर पर बीके जितेंद्र ने होली पर्व अपने विचार रखे एवं एक भजन भी सुनाया। बीके करुणा ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली का त्योहार उमंग, उत्साह तथा स्नेह मिलन के पवित्र उत्सव के रूप में मनाया जाता है । होली तीन प्रकार से मनाते हैं जिसका आध्यात्मिक रहस्य है। होलिका दहन अर्थात पुराने तमोप्रधान स्वभाव संस्कार को योग अग्नि में भस्म करना। अपनी वृत्ति की कमियों को नष्ट करके दिव्य वृत्ति बनाना ही सच्ची होली है। आत्मिक स्नेह की पिचकारी से एक दूसरे रंग लगाने की होली है। होली के दिन व्यक्ति अपने पुरानी वैर-भाव भुलाकर मंगलकारी और सुखदाई मिलन करते हैं। इसके अभाव के कारण आज चहुंओर दुख, अशांति का वातावरण है । होली अर्थात पुरानी बातों को भूलना है।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
डॉ. अक्षय बैद
MS, Mch, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
29 मार्च 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

**खबर संक्षेप**

### मनरेगा के श्रमिकों को दिलाई मतदान की शपथ

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में चारामा विकासखंड के ग्राम बारगरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप के तहत ग्राम पंचायत बारगरी में आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ ने शपथ भी दिलाई गई।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी निःशुल्क परिवहन सुविधा

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान के पश्चात वापस उन्हें घर तक छोड़ने के लिए निःशुल्क वाहन मतदाता रथ की व्यवस्था की जाएगी। जिले के ऐसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं, वे निःशुल्क परिवहन की सुविधा के लिए वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 में संपर्क कर सकते हैं।

### शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जब्ती के मामले में आम नागरिकों के शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार स्थैतिक निगरानी दलों, उड़नदस्ता दलों अथवा पुलिस द्वारा जब्ती के प्रत्येक मामले के संबंध में मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुसार जिसकी कोई प्राथमिकी अथवा शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान से जुड़ी हुई हो, जिसके परिप्रेक्ष्य में आम जनता तथा सभी व्यक्तियों को असुविधा से बचने या उनकी शिकायतों के निराकरण उक्त समिति द्वारा किया जाएगा। इस समिति में नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी सम्मिलित हैं।

### आंखीहर्रा में दबिश ढाई हजार जब्त 4 जुआरी गिरफ्तार

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा से कोचवाही जाने वाले रास्ते में कुछ लोगों द्वारा रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की जानकारी पुलिस को मुखबिर से मिली। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 जुआरियों को धर दबोचा व उनके कब्जे से 2 हजार 650 रुपए को जब्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मुखबिर से जानकारी मिली कि 25 मार्च की दोपहर 2 बजे आंखीहर्रा से कोचवाही जाने वाले मार्ग पर कुछ लोग रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत इलाके की घेराबंदी किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस को आता देख जुआरी भागने का प्रयास कर रहे थे।

### कुएं से महिला का शव बरामद

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सलियापारा के कुआ से 25 मार्च को अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सलियापारा के कुआ में कूदकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सेंट मेरी स्कूल में मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण, कलेक्टर ने लिया जायजा

# मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी एक की भूमिका महत्वपूर्ण : नम्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर स्थानीय सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल धमतरी में लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी के लिए गठित मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, मॉक पोल, ईवीएम सील करना, वीवीपैट को सील करना, मतदान का प्रारंभ, वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था, पीठासीन अधिकारी की डायरी, अभिकर्ताओं को दिए जाने वाले अभिकर्ता, दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतांकन, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, डाक मतपत्र, अभ्याक्षेपित मत, निविदत्त मत, मतदान के दौरान निर्मित विशेष परिस्थितियां की बारिकी से जानकारी दी गई।

पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1 की जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया कि निर्वाचन में मतदान कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। साथ ही सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 को मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखने कहा गया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण का जायजा लिया और कहा कि मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी1 की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि पीठासीन एवं मतदान अधिकारी-1 मतदान केन्द्र में लगे अन्य कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने कहा, ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके।

उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। साथ ही सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को नियत समय में पोस्टल बैलेट पेपर प्राप्त करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी पोस्टल बैलेट पेपर नियत समय में प्राप्त कर लेवें और पोस्टल बैलेट पेपर के संबंध में पूरी जानकारी सीखें। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने निर्वाचन कार्य में आने वाली दिक्कतों की जानकारी ली और अपने अनुभवों को प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर सीईओ जिपं एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, आयुक्त नगरनिगम विनय पोयाम उपस्थित थे।

# शीतला माता मंदिर में जोत पंजीयन आरंभ

- 9 अप्रैल को गोधूलि बेला में शाम 7 बजे होगा जोत प्रज्ज्वलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शीतला मंदिर महिमा सागर वार्ड में आगामी चैत्र नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है साथ ही मनोकामना पूर्ति हेतु जोत पंजीयन कार्य भी चालू हो गया है। श्रद्धालु 9 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 1 बजे तक जोत प्रज्ज्वलन हेतु बुकिंग करवा सकते हैं। घी जोत के लिए 1601 एवं तेल जोत के लिए 1001 रूपए सहयोग राशि रखी गई है ।

मंदिर के पुजारी जनक महाराज ने बताया कि 9 अप्रैल को गोधूलि बेला में सायं 7 बजे जोत प्रज्ज्वलन किया जाएगा। 13 अप्रैल शनिवार को सायं 6 बजे पंचमी पूजा होगी । 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 1. 23 बजे तक हवन पूजन, पूर्णाहुति एवं नौ कन्या भोज होगा एवं तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। उन्होंने माता शीतला की महिमा बताते हुए कहा कि माता शीतला स्वच्छता की देवी है। हर तरह के रोगों को गांव से दूर रखती है। मंदिर समिति के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने बताया कि इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पूरे 9 दिनों तक मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पंचमी के दिन समाज के परिजनों द्वारा घड़ी चौक से शोभायात्रा निकालकर मां बम्लेश्वरी, मां विंध्यवासिनी एवं मां शीतला को चुनरी एवं भोग अर्पित कर धमतरी नगरवासियों की सुख समृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना की जाती है।

# बोलबम सेवा समिति ने लावारिस लाश को दी सद्गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

बोल बम सेवा समिति कुरूद ने ग्राम बगौद तालाब किनारे मिले अज्ञात शिशु के शव को हिन्दू मुक्तिधाम में कफ़न-दफन (अंतिम संस्कार) कुरूद थाना की अनुमति एवं पुलिस स्टाप की मौजूदगी में किया गया। बता दें कि बोल बम सेवा समिति द्वारा यह 69 वां लावारिश शव है जिसे सद्गति प्रदान की गई। सद्गति देने वालों में समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नंद आमदे, सहकोषाध्यक्ष भारत साहू, बोल बम सेवा समिति के सदस्य खेमराज सिन्हा, मनोज चन्द्राकर, कृष्णा ढीमर, मनबोधी राम, रवि यादव, राजू यादव सहित पुलिस टीम में प्रधान आरक्षक राजेश चन्द्राकर, आरक्षक संतोष ध्रुव शामिल थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया आदेश जारी

# मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 ख, 'मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी' में उल्लेखित प्रावधान अनुसार मतदान दिवस को किसी कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश हैं।

इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व प्रवाधान अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर करने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किए जाने की दशा में दी गई होती। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पांच सौ रूपए तक हो सकेगा, दंडनीय होगा। यह धारा किसी ऐसे नियोजक को लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान हानि हो सकती है।

# संघ की शाखाओं में मनी होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभिन्न शाखाओं में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। 24 मार्च को मां विंध्यवासिनी शाखा, जगतजननी शाखा, वीर भामाशाह शाखा में होली मनाई गई। 25 मार्च को शिवाजी प्रभात शाखा नूतन स्कूल में होली मिलन समारोह रखा गया। सर्वप्रथम सुबह 6 बजे शाखा लगाई गई। 6.30 बजे तक नित्य कार्य योग, व्यायाम, प्रार्थना पश्चात शिविर किया गया। इसके बाद होली का पर्व प्रारंभ हुआ। नगाड़ों की थाप, ढोल, मंजीरा के साथ फागगीत गाते हुए रंग गुलाल उड़ाया गया। एक दूसरे को स्वयंसेवकों ने गुलाल व रंगों से सराबोर कर दिया। अंत में स्वल्पाहार देकर सभी का मुंह मीठा कराया गया।

इस अवसर पर रामलखन गजेंद्र, प्रतापराव कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, राघवेंद्र राव, लक्ष्मण राव मगर, शिवाजी साहू, दिनकरराव चव्हाण, हरिवंश साहू, मनोज कश्यप, सागर निर्मलकर, महेंद्रप्रकाश प्रजापति, हेमचरण, हेमराज सोनी, नितेश कुंभकार, दिनेश, राजकुमार पटेल, राजू सोनकर, धन्नू यादव, योगेश साहू, संजय जेठवानी, रोहित देवांगन, सहित अन्य शाखाओं के सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेशसिंह बशिष्ट ने दी है।

# चुनाव प्रशिक्षण अब विकासखंड मुख्यालय में होगा

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने ब्लाक स्तर पर ही प्रशिक्षण रखने की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

आदिवासी विकासखंड नगरी एवं अन्य ब्लॉक मुख्यालय के चुनाव में लगे हुए कर्मचारियों अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा था। इस संबंध पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ भूषण चंद्राकार ने जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी को होली पर्व के पूर्व टेलीफोनिक चर्चा कर निर्वाचन प्रशिक्षण को पूर्व की भांति विकासखंड स्तर पर रखने की मांग की थी।

जिलाधीश ने इसे संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को इसका निराकरण करने निर्देशित किया था। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नगरी विकासखंड के प्रशिक्षण को विकासखंड मुख्यालय में करने संशोधित आदेश जारी किया गया है।

छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ.चंद्राकार ने बताया कि नगरी विकासखंड के कर्मचारियों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण हेतु 120 किमी का सफर करके आना होता है।यह प्रशिक्षण तीन से चार चरण में होता है जिसके कारण नगरी विकासखंड के कर्मचारियों को आर्थिक व शारीरिक समस्या का सामना करना पड़ता है।

प्रांतीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय कोष प्रभारी शैलेंद्र पारीक, जिला उपाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, जिला सचिव बलराम तारम, जिला कोषाध्यक्ष रामदयाल साहू, जिला महासचिव डॉक्टर आशीष नायक, जिला महामंत्री कैलाश प्रसाद साहू ,प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन, टीकमचंद सिन्हा, जिला महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी सविता छाटा, कविता जाचक, तुनेश्वरी साहू, अनुसुइया सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल नगरी, दिनेश साहू कुरूद, रमेश यादव मगरलोड, धमतरी ब्लॉक सचिव हरीश साहू ,कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, टुकेश्वर गहिवारे, देवेंद्र कुमार भारद्वाज, हरीश गजेंद्र, योगेंद्र आदि ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# टैक्स जमा करने कुछ ही दिन शेष, फिर देना होगा अतिरिक्त अधिभार

- टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदार की श्रेणी में हो जाएंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम में संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर एवं शिक्षा उपकर जैसे टैक्स जमा करने के लिए केवल 31 मार्च तक का समय बचा हुआ है। टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदार की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे और उन्हें अतिरिक्त अधिभार भी देना पड़ेगा। बता दें कि यह वित्तीय वर्ष का अंतिम माह है। इस माह में टैक्स जमा करना अनिवार्य होता है। टैक्स वसूली के लिए निगम विशेष अभियान चला रहा है। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी टैक्स वसूलने के लिए रोजाना फील्ड पर निकल रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा प्रति सप्ताह वसूली की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वसूली का लक्ष्य दिया है। आयुक्त विनय पोयाम भी सभी प्रकार के टैक्स वसूली को लेकर निगम के अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। करदाताओं को टैक्स जमा करने में सुविधा देने के लिए ऑनलाइन यूपीआई सिस्टम जैसे फोन पे, गूगल पे एवं पेटीएम जैसी सुविधाएं निगम दे रही है। 31 मार्च तक आने वाले सभी अवकाश के दिनों में भी टैक्स जमा करने के लिए राजस्व विभाग के काउंटर खुले रहेंगे। गौरतलब है कि टैक्स जमा नहीं करने वाले करदाता के विरुद्ध कई बड़ी कार्रवाई निगम ने की है। 20 से अधिक स्थानों में नल कनेक्शन काटे जा चुके हैं। 15 से अधिक दुकानों को सील किया जा चुका है।

# मनरेगा मजदूरों को दिलाई मतदाता जागरुकता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

धमतरी विधानसभा के ग्राम बागोडार में अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मनरेगा मजदूरों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर रोजगार सहायक तुलसी नेताम, मेट विशेष नेताम, चंद्रहास, बिंदेश्वरी, लीलेश्वर, राजेंद्र, पोखन मरकाम उपस्थित थे।

## वीर और हास्य रस की रचनाओं का दर्शकों ने उठाया लुत्फ

# रसरंग 2024: कविताओं के रंग में रंगे कुरुदवासी






हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों ने मंच से ऐसा समां बांधा कि तालियों की गड़गड़ाहट और हंसी के ठहाकों के बीच कुरुद सहित अंचल के लोगों ने कवियों के हास्य-बाण एवं वीर रस की कविताओं का जमकर लुत्फ उठाया। मंत्रमुग्ध होकर दर्शकगण कवियों की रचनाओं के रंग में रंगते नजर आये।

वंदेमातरम परिवार कुरुद द्वारा होली की पूर्व संध्या पर इंडोर स्टेडियम कुरुद में रस रंग 2024 का आयोजन किया गया था। जहां राजस्थान से पहुंचे वीर रस के कवि योगेंद्र शर्मा ने तुम चाहो तो कतरा-कतरा रत्नाकर हो सकता है, तुम चाहो तो कंकर-कंकर शिवशंकर हो सकता है, तुम चाहो तो रामराज्य का दौर शुरू हो सकता है, तुम चाहो तो भारत फिर से विश्व गुरु हो सकता है...इस कविता से दर्शकों के अंदर देशभक्ति का जज्बा पैदा कर दिया। मध्यप्रदेश से आये गोविंद राठी ने हास्य व्यंग्य के माध्यम से गुदगुदाने का प्रयास किया तो वहीं पद्मश्री सुरेंद्र दुबे ने अपनी नई-पुरानी रचनाओं से दर्शकों को हंसाने का प्रयास किया।

इससे पहले विधायक अजय चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को होली पर्व को आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारा से मनाने का संदेश दिया। आभार प्रदर्शन करते हुए समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने इस आयोजन को आने वाले समय में और भव्य होने की बात कही।

कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चौधरी बतौर अतिथि उपस्थित थीं। इस अवसर पर ज्योति चन्द्राकर रविकान्त चन्द्राकर, गौकरण साहू, कुलेश्वर चन्द्राकर, आनंद यदु, पुष्पेंद्र साहू, मालकराम साहू, सुरेश अग्रवाल, कृष्णकांत साहू, मोहन अग्रवाल, आदर्श चन्द्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, दीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# होली पर पूर्व सैनिकों ने खूब उड़ाया रंग-गुलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने धूमधाम से होली का पर्व मनाया। जिले के सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे पर रंग डाला। खूब रंग गुलाल उड़ाए।

मौके पर जिलाअध्यक्ष केपी साहू, मुरारी लाल साहू, अशोक कुमार वर्मा, आरके साहू, चंद्रकुमार यदु, मानेशगिरी गोस्वामी, प्राणसिंह सिन्हा, जोहर लाल मंडावी, ओमप्रकाश साहू, लक्षण लाल साहू, लोकेश यदु, दिलीप साहू, अजयपुरी गोस्वामी, दशरथ नेताम, चेतन सिन्हा, कुमार सिन्हा, तुलसी राम साहू, लक्ष्मीनारायण सोनकर, सोनू भगत, चमन लाल ध्रुव, केशव कुमार साहू, चुरामन दास वैष्णव, आरके नागवंशी, पीताम्बर नंदेश्वर, श्याम सुंदर देवांगन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पचपेड़ी के बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**अंवरी।** ग्राम पचपेड़ी निवासी दीनाराम पुष्कर के पिता कुलंजन पुष्कर उम्र 88 वर्ष ने गांव के खंती तालाब पार के पास बरगद पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 25 मार्च की रात्रि लगभग 11 बजे की है। ग्रामवासियों ने इस घटना की जानकारी सरपंच फत्ते महर , पंचों एवं परिवारवालों को दी। सरपंच ने तत्काल भखारा थाना को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को घरवालों को सौंप दिया। बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है।

### दीपक और सुशील के कारण छोड़ रहे कांग्रेस : सफीरा

**जगदलपुर।** महापौर सफीरा साहू ने भाजपा प्रवेश करने के बाद कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य को जिम्मेदार ठहराते कहा कि इनके रहते कांग्रेस से और भी लोग बाहर जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में महिलाओं को सम्मान मिलता है। पिछले दिनों कांग्रेस की दो महिला पार्षदों ने सुशील मौर्य के द्वारा किए जा रहे अपमानजनक व्यवहार को लेकर दीपक बैज को इस्तीफा सौंपा था जिसे उन्होंने हंसते हुए टाल दिया। वे चाहते तो इस संबंध में बैठक लेकर बात कर सकते थे। इस घटना के बाद मुझे भी आहत पहुंचा और लगा कि इनके रहते कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पिछले 2-3 महीने से शामिल हो रही हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से काफी प्रभावित हूं इसलिए भाजपा प्रवेश लिया।

### शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जब्ती के मामले में आम नागरिकों के शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार स्थैतिक निगरानी दलों, उड़नदस्ता दलों अथवा पुलिस द्वारा जब्ती के प्रत्येक मामले के संबंध में मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुसार जिसकी कोई प्राथमिकी अथवा शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान से जुड़ी हुई हो, जिसके परिप्रेक्ष्य में आम जनता तथा सभी व्यक्तियों को असुविधा से बचने या उनकी शिकायतों के निराकरण उक्त समिति द्वारा किया जाएगा। इस समिति में नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी सम्मिलित हैं।

ढोल नगाड़ों की थाप पर युवा, बुजुर्ग व बच्चे जमकर थिरके, घर-घर बने पारंपारिक व्यंजन

# होली पर जमकर उड़ा रंग-गुलाल, बच्चों ने चलाई पिचकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में सोमवार को रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाया तो वहीं बच्चों ने पिचकारी से रंगों की बौछार की। लोगों ने घर परिवार के बीच होली मनाकर तरह -तरह के व्यंजनों के स्वाद चखे। रविवार की रात 11.30 बजे होलिका दहन के बाद नगाड़े की थाप पर लोग नाचते नजर आए। फाग गीतों पर खूब झूमे। सुबह होते ही होली स्थल पर लोगों ने गोबर के उपले डालकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। अग्नि को प्रणाम कर अपनी मनोकामना व्यक्त की। इसके बाद होली की राख से होली खेलने की शुरुआत हुई। रंग गुलाल लगाकर बड़ों का आशीर्वाद लिया। बच्चों को उपहार भी दिए गए। दोपहर होते ही सब पर फाल्गुनी रंग चढ़कर बोला। लोग होली खेलने और फाग सुनने घरों से बाहर निकले। इस बीच बच्चों की टोली दिनभर पिचकारी चलाकर लोगों को रंगों से सराबोर किया। ढोल नगाड़ों की थाप पर युवा, बुजुर्ग व बच्चे जमकर थिरके।

व्योवृद्ध किसनलाल ध्रुव, हीरू सोनकर, कमलनारायण भारद्वाज, शेखर कुमावत ने कहा कि होरियारी की जमात दिखी तो वे भी अपने आप को रोक नहीं पाए। होली के रंग में भी सराबोर होकर खूब मस्ती की। होली त्योहार पर उन्हें अपने बचपन की याद आ गई। इधर फाग गायन टोलियां भी घूम-घूमकर लोगों के मनोरंजन करते दिखी। एक दूसरे को गुलाल लगाकर गुजिया से मुंह मीठा किया।



सदर बाजार में सेठ-सेठानी बनकर होली खेली गई।



कृदत्त कालोनी में रात्रि 8 बजे होलिका दहन पर कालोनीवासियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई।

### कृदत्त कालोनी में धूमधाम से मनी होली

गोकुलपुर वार्ड के कृदत्त कालोनी में कालोनीवासियों ने रविवार की शाम 8 बजे विधिविधान से पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया। तत्पश्चात सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। नगाड़ा, बॉक्स बजाकर सभी ने खुशियां मनाई। दूसरे दिन दोपहर 2 बजे गोपाल रणिसंह के निवास के समीप रंग-गुलाल खेलकर खूब नाचे-कूदे। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां मनाई।

### कई गांवों में चेचक का प्रकोप, नहीं मनी होली

जिले के कई गांवों में चेचक का प्रकोप होने के कारण होली का त्योहार नहीं मनाया गया। प्रकोप वाले गांवों में न तो होली जली और न ही रंग गुलाल खेला गया। इसके लिए गांवों में एक दिन पूर्व मुनादी कराई गई थी, जिसका सभी ने पालन किया। ग्रामीण बुजुर्ग फागूराम साहू, मनीराम निषाद, जगदीश निषाद ने बताया कि गांवों में सैकड़ों लोग चेचक व गलवा माता से पीड़ित हैं जिसे शांत करने के लिए यह उत्सव नहीं मनाया गया। बीमारी से बचने माता शीतला से प्रार्थना कर विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। भोजन में तेल का छौंक पूरी तरह बंद है। जुड़वास के लिए हल्दी, नीम के नाम से स्नान कराया जाता है।

## विप्र विद्वत परिषद ने मनाया होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। परिषद का होली मिलन फाग गीत के साथ सम्पन्न हुआ। परिषद के अध्यक्ष पं. अशोक शास्त्री ने फाग गीत की प्रस्तुति दी जो सहरानीय रही। मौके पर पं. होमन शास्त्री, महेश शास्त्री, संतोष तिवारी, दीपक मिश्रा, रघुवीर पाण्डेय, जनक प्रसाद दुबे, धर्मेन्द्र शर्मा, राजकिशोर पाण्डेय, नरेश पाण्डेय, श्रीकांत तिवारी, नरेश मिश्रा, शैलेन्द्र पाण्डेय, नरेशधर दीवान, वैभवधर दीवान, राजकुमार तिवारी, महेन्द्र तिवारी, भूषण मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, विनोद शर्मा, दीनानाथ पाण्डेय, सूरज तिवारी, बसंत तिवारी सहित परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

## प्रीतेश ने की प्रदेशवासियों के ऐश्वर्य जीवन की कामना



**धमतरी।** मठ मंदिर चौक में होलिका की पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर मौजूद प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने प्रदेशवासियों के वैभव एवं ऐश्वर्य जीवन की कामना की।

## 50 की उम्र में नीलम बनीं एडव्होकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स धमतरी के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा की जीवन संगिनी 50 वर्ष ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन पास कर एडव्होकेट बन गई हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने ससुर आसुदामल जसूजा को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन के कारण ही वे निरंतर आगे बढ़ती रही। मुझे अपने परिवार का भी हमेशा प्रोत्साहन मिलता रहा । आज उसी का नतीजा है कि मैं एडव्होकेट बनी। उनकी इस सफलता पर एडव्होकेट गोपाल शर्मा, अमरचंद मिन्नी, जानकी शर्मा ,छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेशाध्यक्ष अमर पारवानी, उपाध्यक्ष राम मंधान, रामू वाधवानी, धनराज लूनिया, प्रदेश सिंधी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, प्रदेश महामंत्री भाजपा रामू रोहरा, संतोष तेजवानी, धमतरी सिंधी समाज के अध्यक्ष चंदू जसवानी, अर्जुन जसवानी, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा, हरमीत होरा, नरेश जसूजा, शरद लोहाना, मोहन लालवानी, राजू लालवानी, रवि मुंजवानी, अमर मूलवानी, पीजी कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती श्रीदेवी चौबे, प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद, पंकज जैन ने हर्ष व्यक्त किया है।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज

## बस्तर जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री शहर में रूके, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल मंगलवार को बस्तर जाते समय कुछ देर के लिए धमतरी में रूके। इस दौरान उन्होंने दोशी कार्यालय में 10 मिनट तक कार्यकर्ताओं से चर्चा की एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। धमतरी क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य की जानकारी लेते हुए डोर टू डोर संपर्क बढ़ाने की नसीहत दी।

इस दौरान श्री बघेल ने मीडिया से दूरी बनाए रखा। सवालों से बचते रहे। कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। इस दौरान विधायक ओंकार साहू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन,



मोहन लालवानी, जिपं उपाध्याय नीशु चन्द्राकर, गोपाल शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, अशरफ रोकड़िया, सूर्यप्रभा चेटियार, शास्त्री सोनवानी, आलोक जाधव, केतन दोशी, पराग दोशी, राजा देवांगन, होरीलाल साहू, खूबलाल साहू, हितेश गंगवीर, राजेश पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आखिरी बार अपने स्टेटस में डाला था एक गाना

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भखारा थाना अंतर्गत एक युवक ने मंगलवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अचानक देर रात युवक द्वारा उठाये गए इस कदम से पूरा परिवार सदमे में है। आत्महत्या करने के पीछे क्या वजह रही होगी, परिवार के साथ साथ उनके दोस्त भी अनजान हैं।

मंगलवार की दरम्यानी रात ग्राम जोरातराई ( सिलौटी) निवासी कमलेश कुमार पिता रमेश साहू उम्र 25 वर्ष ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश मंगलवार को रात 8 बजे खाना खाने के बाद टहलने निकला था जिसे फोन करके सोने के लिए बुलाया गया। करीब 10 बजे वे घर आया और घर में अपने भतीजे-भतीजियों के साथ हंसी-ठिठोली कर वक्त बिताया, फिर सोने के लिए चला गया। घर के बाकी सदस्य भी सो गये। जब सुबह करीब 5 बजे उनके पिता सोकर उठे तो अपने छोटे बेटे को फांसी के फंदे में झूलता देख आवाक रह गये। उन्होंने इसकी सूचना अपने परिवारजनों, ग्राम प्रमुखों एवं कोटवार को दी। तत्पश्चात इसकी सूचना भखारा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का



पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल कुरुद भि ज वा या । पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए लाश परिजनों को सौंप दी गई।

युवक ने आत्महत्या क्यों की। इसका स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। परिजनों से न ही कोई वाद-विवाद हुआ है और न ही किसी बात का उसके मन मे बीते कुछ दिनों में तनाव देखा गया है। वहीं गांव के उनके कुछ यार दोस्तों से इस संदर्भ में जानने का प्रयास किया गया तो कोई भी कुछ नही बता पा रहा है। हां उनके एक पड़ोसी ने उनके द्वारा व्हाट्सएप में एक स्टेटस डाला गया है, उसका जिक्र जरूर किया है। युवक ने मरने से फहले करीब साढ़े दस बजे जानी और बी प्राक द्वारा अल्लाह दे बंदया का पंजाबी सान्ग मुझे लेके चल तेरे घर की तरफ़, मैं भी देखूं, लेके क्या-क्या आता है ? ओ, मेरे महलों में आए ना फ़कीर भी कोई ओ, तेरे झोपड़ी में सुना है, ख़ुदा आता है डाला। वह इस स्टेटस से आखिरी संदेश क्या देना चाहता था। इसे लेकर ग्रामीण तर्क लगा रहे हैं वहीं पुलिस इस आत्महत्या का कारण जानने जांच में जुटी हुई है।

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में खोला गया स्ट्रांग रूम

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तह ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रेंडमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराया गया। प्रथम चरण के रेंडामाईजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## बच्चों की टोली ने होली में मचाया धमाल

**धमतरी।** रंगों का त्योहार होली अंचल में धूमधाम से मनाया गया। शहर से गांवों तक गली-मोहल्लों में जमकर रंग उड़े। खुशियों के रंगों में रंगे हुड़दंगी बच्चों की टोली ने भी होली पर्व में खूब धमाल मचाया। होली उत्सव में सबसे अधिक उत्साही बच्चे ही नजर आये। सोरिद वार्ड में बच्चों की टोली सुबह से रंग-गुलाल, पिचकारी लेकर धमाल मचाते रही। नगाड़े की धुन में थिरकते हुए एक-दूसरे को जमकर रंग लगाते रहे। बच्चों की हुड़दंगी टोली से बड़े भी नहीं बचे। होली के खुमार में छोटे बच्चे से लेकर बड़े भी सुबह से दोपहर तक मगन रहे।






## गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर खेली होली



**धमतरी।** प्रजापति ब्रम्हाकुमारीज संस्थान द्वारा जल बचाओ कल बचाओ के संकल्प के साथ होली का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर बीके सरिता ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली अर्थात जो पुरानी बात हो उसे भूल जाओ और प्रेम का रंग लगाकर फिर से अच्छे से रहो। अपने अन्दर की बुराइयों को परमात्म योग अग्नि में जलाना और फिर ज्ञान का रंग लगाना है।

उन्होंने आगे कहा कि ये अविनाशी रंग है जो कभी जीवन को फीका नहीं बनाता। हमेशा ही खुशहाल व रंगीन रखता है। उन्होंने सभी को जल बचाने की प्रतिज्ञा कराई। सभी ने जल बचाने के नारे भी लगाये। इस अवसर पर बच्चों ने हास्य कवि सम्मलेन की रंगारंग प्रस्तुति दी। सरिता दीदी ने सभी पर केसर के पानी की पिचकारी चलाई। सभी पर गुलाब पुष्प की पंखुड़ियों की वर्षा की।







